

## एक नजर में

### कथित पत्रकार पर शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज

**देवास।** टोंकखुर्द सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार रात्रि करीब 12:30 बजे एक गंभीर हंगामे की स्थिति बन गई। पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंचे मरीज ज़ाकिर कुरैशी के साथ आए परिजनों और कथित पत्रकार इस्लाम पटेल ने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर प्रतीक तिवारी के साथ न सिर्फ अभद्रता की, बल्कि गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी तक दी। आरोप है कि उन्होंने जबरन डॉक्टर की वीडियो बाइट भी ली और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई थी। डॉ. तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने इस्लाम पटेल समेत अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज भी जब्त किए। थाना प्रभारी आलोक सोनी ने बताया कि इस्लाम पटेल व अन्य के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### प्रस्फुटन समिति एवं पंचायत ने रोपे पौधे



**देवास।** आदर्श गो तीर्थ ग्राम इकलेरा में मुक्तिधाम परिसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं कार्यालय ग्राम पंचायत इकलेरा ने संयुक्त रूप से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में मुक्तिधाम परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे ज्ञात रहे की संपूर्ण देवास जिले में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सभी विकास खंडों में जिला समन्वयक जन अभियान परिषद सचिन सिल्पी ब्लॉक समन्वयक कन्नौद नीरज द्विवेदी के मार्गदर्शन में विभिन्न ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से वृक्षारोपण कार्य चल रहा है इसी के तहत आदर्श गो तीर्थ ग्राम इकलेरा में विभिन्न प्रकार के फलदार फूलदार औषधि दार शेभायमान छायादार पौधे रोपे इस दौरान नवा अंकुर सखी यात्रा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बीज एवं पौधे महिलाओं को वितरित भी किए गए इस दौरान स्थानीय सरपंच आनंद जोनवाल सचिव प्रेम सिग प्रस्फुटन समिति के पंडित हरीश तिवारी फतेह सिंह डोडवे राजेश मीणा नवाअंकुर संस्था एस जै वाय एम के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आनंद मार्ग योग साधना शिविर सेमिनार सम्पन्न



**देवास।** 11 से 13 जुलाई 2025 तक आनंद मार्ग प्रचारक संघ का उज्जैन संभागीय सेमिनार सम्पन्न हुआ। देवास, उज्जैन, इंदौर, नागदा, भोपाल, सोनकच्छ, सीहोर आदि जगहों के मार्गीगण, हेमेन्द्र निगम काकू, अरविंद सुगंधी, दिनेश कौशिक,अशोक वर्मा,आदि ने शिविर का लाभ लिया। डॉ अशोक शर्मा भुक्तिप्रधान ने बताया कि सामाजिक व आध्यात्मिक एवं योग दर्शन पर सेमिनार एवं योग साधना शिविर का आयोजन साईनाथ धर्मशाला नाना खेड़ा उज्जैन में किया गया। शिविर का प्रारंभ बाबा नाम केवलम् सिद्ध महामंत्र अखंड कीर्तन मिलित योग साधना,प्रभात संगीत के द्वारा किया गया। सेमिनार में आनंद मार्ग प्रचारक संघ केंद्रीय प्रशिक्षक आचार्य सुस्मितानंद अवधूत जी मुख्य प्रवक्ता एवं प्रशिक्षक के रूप में रहे। आनंद मार्ग के उद्देश्य आत्मरक्षार्थम् जगत हितायच के अंतर्गत योग साधना द्वारा आत्मानुभूति प्राप्त करके उसका सदुपयोग सुंदर समाज बनाने मे नैतिक नेतृत्व अर्थात सद् विप्र नेतृत्व द्वारा परमात्मा का विकास भौतिक मानसिक आध्यात्मिक संपदाओं का उचित व विवेक संगत चरम उपयोगी हो। इस हेतु आनंद मार्ग सेमिनार में भारतीय आध्यात्मिक दर्शन से निर्धारित विषय मानव शरीर एक जैविक यंत्र इसके नियंत्रक ईश्वर , पापस्य कारणम् त्रयम, प्राण धर्म आदि दार्शनिक विषयों के माध्यम से मनुष्य के जीवन में चारित्रिक आचरणगत नैतिक उत्थान कैसे किया जाए इसका प्रशिक्षण भारतीय दर्शन में दिए गए व्यवहारिक पक्षों के द्वारा दिया गया। जिससे मनुष्य उच्च आचरण नैतिक और चरित्रवान जीवन जिया जा सके यह जानकारी आनंद मार्ग शाखा के प्रवक्ता आचार्य शांतव्रतानंद अवधूत द्वारा दी गई इस सेमिनार में भोपाल से अपने टीम के साथ आचार्य हरसमयानंद अवधूत जी पधारे राजगढ़ से आचार्य मुक्तगुनानंद अवधूत, भोपाल सर्किल के इंचार्ज आचार्य सुभद्रानंद अवधूत, (सेवा धर्म मिशन) से और विमान वेलफेयर डिपार्टमेंट के अध्यक्ष दीदी अवधुतिका आनंद अनुरक्ति आचार्या और ब्रह्मचारिणी मन्द्रिता आचार्या जी उपस्थित रहें। प्रवचन का समय समय प्रातः 10 से 12 बजे तक ,दोपहर 3 से 5 बजे तक रात्रि धर्मशास्त्र चर्चा भी की गई।

### बाबई में आबकारी ने पकड़ी अवैध शराब



**देवास।** 12 जुलाई को आबकारी की टीम ने वृत्त सोनकच्छ के ग्राम बाबई में मुखबिर सूचना के आधार पर जितेन्द्र कीर के अधिपत्य से 349 पाव देशी मदिरा प्लेन मात्रा 62.82 बल्क लीटर बरामद हुई जो अभियुक्त द्वारा अवैध रूप से संग्रह कर रखे होने से उसके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है,जप्त मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 26175 रुपये है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार ,आबकारी आरक्षक अरविंद जिनवाल,निकिता परमार सैनिक किशोर सिसोदिया ,अनिल चोहान,अनिल अकोडिया सम्मिलित रहे।

### प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह 1 नवंबर को

**भौरासा।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 1 नवंबर 2025 शनिवार को बाबा भंवरनाथ जी मंदिर प्रांगण भौरासा में आयोजित किया जा रहा है। सर्व सुविधा युक्त आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में जोड़ों का पंजीयन होना शुरु हो गया है सम्मेलन के अध्यक्ष रामलाल कुंभकार ने बताया कि समाज की सुविधा हेतु पंजीयन किया जाएगा। सम्मेलन में प्रत्येक दूल्हा तथा दुल्हन के पिता का सम्मान किया,जाएगा वर पक्ष से 21101, रुपए व वधू पक्ष से 21101, रुपए लिए जाते हैं एव मंच पर बाहर से पधारे अतिथियों का भी साफा बांधकर सम्मान भी किया जावेगा। सम्मेलन अध्यक्ष ने समस्त समाजजन से अपील की है कि सम्मेलन में सपरिवार पधार कर सम्मेलन को सफल बनावे। अध्यक्ष कुंभकार ने बताया कि यह सम्मेलन नगर में 4 बार आयोजित किया जाता है।

# तेज रफ्तार का कहर-कालीसिंध नदी में गिरी कार

### दो लोगों की मौत, तीन को ग्रामीणों ने बचाया





**देवास।** जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर मौखापिपलिया गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर कालीसिंध नदी में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कार साउथ भारत की बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त कार की रफ्तार बहुत तेज थी। बताया जा रहा है कि कार साउथ भारत (संभावत: तमिलनाडु या केरल) की है, जिसमें चार से पांच लोग सवार थे। अनियंत्रण के चलते कार पुलिया से फिसलकर सीधे नदी में गिर गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। क्रेन और रस्सियों की मदद से कार को बाहर निकालने का प्रयास जारी है।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। मृतकों की पहचान की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि ड्राइवर और आगे बैठे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। तीन अन्य यात्रियों को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने बाद में नियंत्रित किया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## डॉ .रूप सिंह नागर बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**भौरासा।** राष्ट्रीय महामंत्री समंदर सिंह पटेल ओसियन मोटर्स अध्यक्ष एवं युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नांदेड एवं पूर्व जिला न्यायाधीश करण सिंह भंडारी मध्य प्रदेश अखिल भारतीय धाकड महासभा दिनेश मल्हार अध्यक्ष की अनुशंसा पर अखिल भारतीय श्री धाकड महासभा भारत वर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़ कोटा राजस्थान के द्वारा भौरासा नगर के डॉ रूप सिंह नागर को अखिल भारतीय श्री धाकड महासभा भारत वर्ष के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया व नियुक्ति पत्र सोपा । इस अवसर पर उनके साथ में इंदर सिंह नागर घिचलाय, डॉ गोकुल नागर, रनायरकला, दौलत राम कोटा राजस्थान मौजूद थे। इनकी नियुक्ति पर कमल सिंह नागर सोनकच्छ, रामप्रसाद पटेल घिचलाय, बाबूलाल मदन सिंह जेतपुरा, निर्भय सिंह सरपंच बरोठा, जितेंद्र नागर काकड़ादा, राजेश धाकड़ गुनाई, रामचरण नागर, अनिल नागर , रूप सिंह मंत्री , राहुल नागर , कुलदीप सिंह नागर आदि लोगों ने बधाई दी।

## सर्व आदिवासी समाज इकाई देवास की बैठक



**देवास।** सर्व आदिवासी समाज द्वारा 9 अगस्त विश्व प्रसिद्ध त्योहार विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम के लिए सर्व आदिवासी समाज द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो समाजजन उपस्थित हुए। सर्वप्रथम पारंपरिक रीति-रिवाज अनुसार मां प्रकृति व पुरखों का पूजन कर राधेश्याम वगेन एवं साहब सिंह कलाम द्वारा संचालन किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष अनुसार देवास शहर में सांस्कृतिक रैली के आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया व सांस्कृतिक रैली के लिए रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर रैली के दौरान नशा एवं हथियार प्रतिबंधित किया गया है और सभी से अनुरोध किया गया है कि वह अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृत रैली में सम्मिलित हो। आभार धनसिंह रावत ने व्यक्त किया। बैठक में साहब सिंह कलाम, गोविंद इवने, रामदास उइके, बालाराम वर्मा, महेश रावत, सचिन देवडा, सोभाग सिंह कलम, सार्थक डोडवे, महेश रावत , राजकुमार रावत, रवि गामड़, कमल डोडवे, राकेश ठाकुर, अनिल बारला, भानु प्रताप उईके, प्रीतम सिंह बामनिया उपस्थित रहे।

# टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की लापरवाही से भूमि विवाद की चिंगारी

### अब्दुल रऊफ की जमीन पर बनाई कॉलोनी की एंट्री रोड



**देवास।** शहर के वार्ड क्रमांक 07 स्थित आराध्या मन्नत कॉलोनी में भूमि कोऑर्डिनेशन को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। कॉलोनी का मुख्य मार्ग जिस भूमि पर दर्शाया गया है, वह पूरी तरह से कॉलोनाइजर की नहीं, बल्कि पास की निजी भूमि पर अतिक्रमण कर दर्शाया गया है। इस मामले में जमीन मालिक अब्दुल रऊफ ने नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय में दिनांक 13.02.2025 को लिखित शिकायत दर्ज कर न्याय की मांग की है। शिकायत के अनुसार, कॉलोनी का मुख्य प्रवेश मार्ग सर्वे नंबर 50/1/2 में दर्शाया गया है, जो राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार केवल 580 वर्ग मीटर क्षेत्र का है। जबकि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग द्वारा 940 वर्ग मीटर का मार्ग दर्शाया गया है। इसमें से 360 वर्ग मीटर भूमि सर्वे नंबर 50/1/1 की है, जो अब्दुल रऊफ की निजी संपत्ति है। इस जमीन का मालिकाना हक रऊफ के पास होने के बावजूद, उनकी अनुमति के बिना कॉलोनी का मुख्य मार्ग इस पर बना दिया गया।

गंभीर लापरवाही यह रही कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने बिना भूस्वामित्व के दस्तावेज देखे ही नक्शे को मंजूरी दे दी। रऊफ का कहना है कि ऑटोकैड सॉफ्टवेयर से नक्शा तैयार करते समय संबंधित अधिकारियों ने उनकी भूमि का सत्यापन नहीं किया और कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से गैरकानूनी स्वीकृति दी। रऊफ ने बताया कि यदि विभाग द्वारा उनकी जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए मार्ग को स्वीकृति वापस नहीं ली गई तो वे न्यायालय में जाकर विधिक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि अवैध मार्ग के कारण न सिर्फ उनकी निजी संपत्ति प्रभावित हुई है, बल्कि उनके प्लॉट की वैल्यू और उपयोगिता पर भी नकारात्मक असर पड़ा है।

### जांच टीम पहुंची मौके पर, स्थिति हुई तनावपूर्ण

रऊफ की शिकायत पर दिनांक 11 जुलाई को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विवादित मार्ग वास्तव में दोनों भूखंडों में फैला हुआ है, जिससे मौके पर विवाद की स्थिति बन गई।

# फुटबॉल प्रतियोगिता में देवास ने रतलाम को हराया



**देवास।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं देवास जिला फुटबॉल एसोसिएशन देवास के तत्वावधान में सब जूनियर बॉयज अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता में तीसरे दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच रायसेन और नीमच के मध्य खेला गया जिसमें रायसेन ने नीमच को 04 - 02 के अंतर से हराया। मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं देवास जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव बिदुयत मालाकार ने बताया कि प्रतियोगिता में मैच लीग के अनुसार खेले जाएंगे। सभी टीमों को दो अलग अलग ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में इंदौर, धार, जबलपुर और सागर हैं वहीं ग्रुप बी में नीमच, रतलाम, रायसेन एवं देवास है। लीग होने से एक ग्रुप की सभी टीम आपस में मैच खेलेंगी और टॉप दो टीमें दोनों ग्रुप की सेमीफाइनल के लिए अपना स्थान सुरक्षित रखेंगी। इसी प्रकार सेमीफाइनल में विजेता टीमें आपस में फाइनल खेलेंगी। आज खिलाड़ियों से परिचय प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्रीकांत उपाध्याय ने किया। आज के मैच की रैफरी पूजा वारसी, प्रिया सिसोदिया, मुस्कान लोवंशी एवं रोहित थापा थे। दूसरा मैच देवास और रतलाम के मध्य खेला गया इसमें देवास ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया एवं रतलाम को 04-00 से हराया। देवास की ओर से पहला गोल आराध्य गुप्ता ने किया , दूसरा गोल ऋषभ चौधरी ने किया इसी बीच वर्षा होंने लगी जो कि बहुत तेज थी उसके बाद भी खिलाडी मैच खेलते रहें एवं देवास की ओर से तीसरा गोल सिद्धांत उइके तथा अंतिम और चौथा गोल आर्यन सिंह गौड़ ने किया। इस मैच के बाद देवास जिले की टीम ने दो मैचों में से एक में हार और एक में जीत का सामना किया। देवास का तीसरे मैच जो कि 15 जुलाई को होगा उसका निर्णय के आधार पर ही सेमीफाइनल में स्थान हासिल कर सकेगी। सोमवार को दो मैच दोपहर 02.00 बजे से खेले जाएंगे। पहला मैच इंदौर और सागर के बीच एवं दूसरा मैच जबलपुर और धार के मध्य खेला जाएगा।

## देवास भोपाल फोरलेन पर कीचड़ ही कीचड़



**भौरासा।** नगर व क्षेत्र के आसपास हुई शनिवार को 3 घंटे झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए वहीं ग्रामीण इलाकों में जल जमाव की स्थिति भी निर्मित हो गई। जिससे राहगीरो को परेशानी हो रही है जिससे कई मकानों में पानी भी घुस गया था व रोड के दोनो साइडो मे मोरम की जगह लाल मिट्टी डाल दी गई है। जिससे वाहन चला रहे हैं राहगीरों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण का आरोप है कि भोपाल रोड पर टोल कंपनी टोल तो पूरा वसुल रही है लेकिन व्यवस्थाएं ठीक से नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि जब इस रोड पर से दो बस क्रॉस होती है तो मोटरसाइकिल चालक को तो साइड से निचे उतरना पड़ता है साइड से निचे उतरने के चक्कर में व कीचड़ में फंस जाते हैं। देवास भोपाल फोरलेन टोल प्लाजा कंपनी के द्वारा देवास से सोनकच्छ के बीच में दोनों साइडों पर मोरम की जगह लाल मिट्टी से साइड भराव कर दिया गया है जिससे थोड़ी सी ही बारिश में पुर रोड पर कीचड़ ही कीचड़ हो गया है जिससे टू व्हीलर चालक स्लिप होकर रोड पर गिर रहे हैं जिससे कोई जन हानी भी हो सकती है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

### सतवास समीप ग्राम घासड में दर्दनाक हादसा



**सतवास।** 13 जुलाई रविवार सुबह साढ़े 9 बजे सतवास थाना क्षेत्र के ग्राम घासड में मिस्त्री का काम करने वाले 32 वर्षीय मुकेश पिता शैतान नायक बंजारा निवासी बोरकुंडिया जो कि रोज़ की तरह मकान निर्माण मिस्त्री का काम करने पास के गांव धासड गया था यहां पर वह सुबह करीबन साढ़े 9बजे के दरमियान काम कर रहा था पास से 11 हजार केवी लाइन थी काम करते वक्त लोहे का सरिया उठाने में बिजली के तार से टच हो जाने से उसकी चपेट में आ गया जिसे तत्काल गम्भीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सतवास पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया ।

## करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में इंदौर भोपाल हाईवे जाम किया



**सोनकच्छ।** हरदा में करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज व करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर की गिरफ्तारी के विरोध में सोनकच्छ के इंदौर भोपाल हाईवे पर स्थित न्यायालय के सामने चक्काजाम किया गया। सेना के कार्यकर्ताओं के द्वारा नारेबाजी की गई। पुलिस ने करीब 30 मिनट लगे जाम को समझाईश के माध्यम से खुलवाया। सेना के कार्यकर्ता रोड पर बैठ गए थे। जिनसे एसडीओपी दीपा मांडवे ने संपर्क कर जाम खुलवाया। सुरक्षा की दृष्टि से टीआई आशीष राजपूत दलबल के साथ तैनात थे।

### देवास में भी चक्का जाम

हरदा में करणी सेना के कार्यकर्ताओं और जिलाध्यक्ष के साथ पुलिस द्वारा की गई लाठीचार्ज और गिरफ्तारी के विरोध में देवास में भी बायपास पर राजपूत समाज और करणी सेना कार्यकर्ताओं ने देवास बायपास पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**एक नजर** निगम बैठक हाल मे 5 हितग्राहियों को प्रतिकात्मक प्रमाण पत्रों का वितरण

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2 का क्रियान्वयन प्रारंभ



**देवास।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-02 के हितग्राहियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा प्रदेश के 65 हजार हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण इन्दौर के ब्रिलियंट कन्वेशन सेन्टर मे किया गया। जिसमे वर्चुअली नगर निगम के जनप्रतिनिधियों ने जुडकर भाग लिया। शुक्रवार 11 जुलाई को निगम बैठक हाल मे उपस्थित सेकडों हितग्राहियों को संबोधित करते हुये विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि लोगों के सिरों पर पक्की छत की सौगात देने वाली योजना हमारे संवेदनशिल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दिल के करीब की योजना है। जिसमे उनके द्वारा देश, प्रदेश के लाखों लोगों को पक्के आवास उपलब्ध करा रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं अभी हाल ही मे लागु आकस्मिक दुर्घटना होने पर मौके पर सहायता प्रदान करने वालों को 25 हजार ईनाम की योजना महत्पूर्ण है। कार्यक्रम मे उपस्थित निगम सभापति रवि जैन ने अपने उद्बोधन मे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की क्रांतीकारी योजना है। उनकी सकारात्मक सोच के परिणाम स्वरूप आज अंतिम पंक्ति मे खडा व्यक्ति भी पक्की छत का लाभ प्राप्त कर रहा है। इस योजना मे हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का सम्पूर्ण श्रेय हमारे वार्ड पार्षदों को जाता है। कार्यक्रम मे 5 हितग्राहियों को प्रतिकात्मक रूप से प्रमाण पत्रों का वितरण अतिथीयों द्वारा किया गया। शेष हितग्राहियों को वार्डो मे वार्ड पार्षदों के माध्यम से किया जावेगा। योजना के द्वितीय चरण मे 5041 योजना मे नगर निगम द्वारा योजना के द्वितीय चरण के आवेदन पत्र आन लाईन प्राप्त किये गये है। जिसमे पात्र हितग्राहियों की दो डीपीआर 295 एवं 241 की स्वीकृत हुई है। शेष आवेदन पत्रों की जांच एवं सर्वे का कार्य प्रगति पर है। कार्यक्रम मे निगम लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, यातायात एवं परिवहन विभाग समिती अध्यक्ष मुस्तुफा अंसार एहमद, पार्षद राहूल दायमा, आलोक साहू, महेश फुलेरी, पार्षद प्रतिनिधि अजय पंडित, बाबु यादव, निलेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बागली प्रगति समूह ने 5282 छात्र-छात्राओं को निशुल्क नोटबुक वितरित की



**बागली।** क्षेत्र से जुड़ी सामाजिक संस्था बागली प्रगति समूह द्वारा शैक्षणिक सत्र के आरंभ में क्षेत्र में कक्षा 1 से कक्षा 10 तक संचालित 91 शासकीय स्कूलों में होमवर्क करने के लिए और विषय अनुरूप नोट्स बनाने के लिए अलग-अलग साइज की 5282 बच्चों को 30499 नोटबुक वितरित की जिनकी खरीदी राशि 887320 रुपए बताई गई और बाजार में यही नोटबुक लगभग ढाई गुना कीमत पर 2098755 रुपए में मिलती है। बागली प्रगति समूह से जुड़े सदस्यों ने बताया कि शासन द्वारा शासकीय स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य के लिए विषय वार पुस्तक वितरित की जाती है लेकिन नोटबुक किसी भी स्कूल में निशुल्क रूप से नहीं दी जाती वह छात्र-छात्राओं को स्वयं खरीदना रहती है। इसी आर्थिक बोझ को कम करने के लिए उनके समूह द्वारा यह निर्णय लिया गया प्रगति समूह के सदस्यों ने शनिवार को आदिवासी बाहुल्य ग्राम खेड़ा पांजरिया जाकर अभिभावकों के सामने और ग्रामीण जनों के सम्मुख नोटबुक वितरित की इस प्रकार अन्य स्कूलों में भी जाकर समूह सदस्यों ने जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को नोटबुक प्रदान की।